भारत सरकार
रक्षा मंत्रालय
रक्षा उत्पादन विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 695
26 जून, 2019 को उत्तर के लिए

रक्षा गलियारा

695. श्री अनुराग शर्मा:

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) झांसी में रक्षा गलियारे के निर्माण के संबंध में अभी तक कितना भूमि अधिग्रहण हो चुका है;

(ख) इस परियोजना के कब तक पूरा होने की संभावना है;

(ग) क्या सरकार की उक्त परियोजना के संदर्भ में रक्षा क्षेत्र में कोई विशिष्ट उद्योग अथवा संस्थान विकसित करने की योजना है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
रक्षा मंत्री (श्री राजनाथ सिंह)

(क) से (घ): केन्द्र सरकार का रक्षा औद्योगिक गलियारों के लिए भूमि अधिग्रहण करने का कोई प्रस्ताव नहीं है । तथापि, उत्तर प्रदेश की सरकार ने सूचित किया है कि उन्होंने रक्षा औद्योगिक गलियारा के प्रयोजनार्थ झांसी में 678 हेक्टेयर भूमि की अधिप्राप्ति की है । उनका पहले चरण में कुल 862 हेक्टेयर भूमि के अधिग्रहण का प्रस्ताव है और शेष भूमि की अधिप्राप्ति जुलाई, 2019 तक पूरी हो जाने की संभावना है ।

झांसी उत्तर प्रदेश में स्थापित किए जा रहे रक्षा औद्योगिक गलियारे का एक महत्वपूर्ण संधि स्थल है । रक्षा गलियारे की स्थापना से रक्षा विनिर्माण में सामरिक रूप से स्वतंत्र होने के लिए देश में सभी महत्वपूर्ण रक्षा पारिस्थितिकी तंत्र एवं प्लेटफार्मों के विनिर्माण एवं रख-रखाव हेतु अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धी उद्यमों का विकास सुकर होगा ।

******